aglasem.com

Rajasthan Board

QUESTION PAPER

Roll No.

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 16

SS-11-Pol. Sc.

राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2022

समय : 2 घण्टे 45 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

OFFICE COPY

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

All the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer book only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

Write down the serial number of the question before attempting it.

खण्ड - अ

SECTION – A

OFFICE COPY

बहुविकल्पी प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें :

Answer the following questions and write them in the answer-book by choosing the correct option :

(i) 'उत्तर अटलांटिक सन्धि संगठन' की स्थापना कब हुई ?

(अ) 1945

(ब) 1947

(स) 1949

(द) 1955

When was the North Atlantic Treaty Organisation established ? 1

(A) 1945

(B) 1947

(C) 1949

(D) 1955

(ii) निम्न में से सोवियत संघ का उत्तराधिकारी राज्य स्वीकार किया गया :

(अ) यूक्रेन (ब) रूस

(स) बेलारूस (द) लिथुआनिया

One of the following, the successor of the Soviet Union, was accepted : 1

(A) Ukraine (B) Russia

(C) Belarus (D) Lithuania

(iii) 'सात दलों का गठबन्धन' (सेवन पार्टी अलायंस) किस देश से सम्बन्धित है ?

(अ) नेपाल

(ब) बांग्लादेश

(स) श्रीलंका

(द) पाकिस्तान

'Seven Party Alliance' is related to which country ? 1

(A) Nepal

(B) Bangladesh

(C) Sri Lanka

(D) Pakistan

OFFICE COPY

(iv) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ?

(अ) 14 अक्टूबर, 1945 (ब) 16 अक्टूबर, 1945

(स) 18 अक्टूबर, 1945 (द) 24 अक्टूबर, 1945

When was United Nations Organisation established ? 1

(A) 14 October, 1945

(B) 16 October, 1945

(C) 18 October, 1945

(D) 24 October, 1945

(v) आतंकवादियों ने अमेरिका के 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' पर कब हमला किया ?

(अ) 11 सितम्बर, 2001

(ब) 11 सितम्बर, 2011

(स) 21 सितम्बर, 2001

(द) 21 सितम्बर, 2011

When did terrorists attack the 'World Trade Center' in America ? 1

(A) 11 September, 2001

(B) 11 September, 2011

(C) 21 September, 2001

(D) 21 September, 2011

OFFICE COPY

(vi) 1992 में 'पृथ्वी सम्मेलन' किस देश में आयोजित हुआ था ?

(अ) अर्जेण्टीना (ब) चिली

(स) पेरू (द) ब्राजील

In which country was 'Earth Summit' held in 1992 ? 1

(A) Argentina

(B) Chile

(C) Peru

(D) Brazil

(vii) भारत में 'राज्य पुनर्गठन आयोग' की स्थापना कब हुई ?

(अ) 1950 (ब) 1953

(स) 1956 (द) 1959

When was the 'State Reorganisation Commission' established in India ? 1

(A) 1950 (B) 1953

(C) 1956 (D) 1959

(viii) भारत में पहले चुनाव आयुक्त थे

(अ) सुकुमार सेन

(ब) के.वी.के. सुन्दरम

(स) डॉ. नगेन्द्र सिंह

(द) टी.एन. शेषन

OFFICE COPY

The first Election Commissioner in India was 1

(A) Sukumar Sen

(B) K.V.K. Sundaram

(C) Dr. Nagendra Singh

(D) T.N. Seshan

(ix) 'मिल्क मैन ऑफ इण्डिया' के नाम से कौन मशहूर हुए ?

(अ) एच.एम. दलाया (ब) वर्गीज कूरियन

(स) एब्रिल एसजे (द) टी.डी. पटेल

Who became famous as 'Milk man of India' ? 1

(A) H.M. Dalaya (B) Verghese Kurien

(C) Abril Esje (D) T.D. Patel

(x) 'गरीबी हटाओ' का नारा किसने दिया ?

(अ) जवाहरलाल नेहरू

(ब) लाल बहादुर शास्त्री

(स) इन्दिरा गाँधी

(द) मोरारजी देसाई

Who gave the slogan 'Garibi Hatao' ? 1

(A) Jawahar Lal Nehru

(B) Lal Bahadur Shastri

(C) Indira Gandhi

(D) Morarji Desai

OFFICE COPY

(xi) नामदेव ढसाल ने अपनी कविता में 'सूरजमुखी आशीषों वाला फकीर' किसे कहा ?

(अ) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(ब) जे.एल. नेहरू

(स) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(द) सरदार पटेल

Whom did Namdeo Dhasal refers to 'Sunflower giving Fakir' in his poem ? 1

(A) Dr. B.R. Ambedkar

(B) J.L. Nehru

(C) Dr. Rajendra Prasad

(D) Sardar Patel

(xii) 1984 के लोक सभा चुनाव में काँग्रेस ने कुल कितनी सीटें जीती थीं ?

(अ) 313 (ब) 415

(स) 197 (द) 338

How many seats did the Congress win in the 1984 Lok Sabha Election ? 1

(A) 313 (B) 415

(C) 197 (D) 338

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :

Fill in the blanks :

(i) 1962 में सोवियत संघ के नेता _____ ने क्यूबा में परमाणु मिसाइलें तैनात कर दीं ।

In 1962, Soviet Union leader _____ deployed nuclear missiles in Cuba. 1

OFFICE COPY

(ii) अगस्त 1945 में अमेरिका ने जापान के दो शहर _____ और _____ पर परमाणु बम गिराये ।

In August 1945, America dropped atomic bombs on Japanese cities _____ and _____. 1

(iii) 1960 में विश्व बैंक की मदद से भारत व पाकिस्तान ने _____ संधि पर हस्ताक्षर किये ।

In 1960, India and Pakistan signed on _____ treaty with help of the World Bank. 1

(iv) 'वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इंडिजिनस पीपल' का गठन सन् _____ में हुआ ।

'The World Council of Indigenous People' was formed in _____. 1

(v) भारत का संविधान _____ (दिनांक व सन्) को अंगीकृत किया गया ।

The Constitution of India was adopted on _____ (Date & Year).

(vi) 1990 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने _____ आयोग की सिफारिशों को लागू किया ।

In 1990, the National Front Government implemented the recommendations of the _____ Commission.

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :

Very Short Answer Type Questions :

OFFICE COPY

(i) द्वितीय महायुद्ध के समय 'मित्र राष्ट्रों' में कौन से देश सम्मिलित थे ?

Which countries were included in the 'Allies' during the Second World War ?

(ii) भारत व बांग्लादेश ने गंगा नदी के पानी में हिस्सेदारी के लिये किस सन्धि पर हस्ताक्षर किये ?

Which treaty was signed between India and Bangladesh for sharing in the waters of river Ganga ?

(iii) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थाई सदस्य देशों के नाम लिखिए ।

Write name of the permanent members countries of United Nations Security Council.

(iv) सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा के दो पक्ष बताइए ।

State two sides of the non-traditional concept of security.

(v) जैविक हथियार सन्धि (BWC) सर्वप्रथम कब हुई ?

When did Biological Weapons Convention happen first time ? 1

(vi) मानवता की साझी विरासत में क्या शामिल है ?

What is included in the 'Commons of Humanity' ? 1

(vii) भारत में प्रथम तीन आम चुनावों में किस दल का प्रभुत्व रहा ?

Which party dominated the first three general elections in India ? 1

(viii) 'कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया' का विभाजन किस आधार पर हुआ ?

On what basis was 'Communist Party of India' divided ? 1

OFFICE COPY

(ix) 'बॉम्बे प्लान' से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by 'Bombay Plan' ? 1

(x) 1989 में 'राष्ट्रीय मोर्चा सरकार' को किन दो परस्पर विरुद्ध राजनीतिक समूहों ने समर्थन दिया ?

Which two opposite political groups supported the 'National Front Government' in 1989 ? 1

(xi) 'बहुजन समाज पार्टी' के संस्थापक कौन थे ?

Who was the founder of 'Bahujan Samaj Party' ? 1

(xii) बामसेफ (BAMCEF) का प्रमुख उद्देश्य क्या था ?

What was the main objective of BAMCEF ? 1

खण्ड – ब

SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 50 शब्द)

Short Answer Type Questions – (Answer limit about 50 words)

4. शीत युद्ध के दौरान छोटे देश महाशक्तियों के लिए क्यों उपयोगी थे ? कोई दो कारण बताइए ।

Why small countries were useful to superpowers during the Cold War ? Give any two reasons. 1 + 1 = 2

OFFICE COPY

5. आपके मतानुसार गुटनिरपेक्षता की नीति ने भारत का हित साधन किया । कोई दो तर्क दीजिए ।

According to your opinion, the policy of non-alignment served India's interest. Give any two arguments. 1 + 1 = 2

6. 'शॉक थेरेपी' का संक्षेप में अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

Explain the meaning of 'Shock Therapy' in brief. 2

7. सोवियत संघ के विघटन के कोई दो प्रभाव स्पष्ट कीजिए ।

Explain any two effects of the disintegration of the Soviet Union. 2

8. श्रीलंका में लिट्टे (LTTE) की प्रमुख माँग क्या थी ?

What was the main demand of LTTE in Sri Lanka ? 2

9. भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव के कोई दो कारण बताइए ।

Mention any two reasons for the tension between India and Pakistan. 1 + 1 = 2

10. 'क्योटो प्रोटोकॉल' पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए ।

Write a short note on 'Kyoto Protocol'. 2

11. "भारत के स्वतन्त्र होते ही उसके समक्ष अनेक चुनौतियाँ थीं ।" किन्हीं दो को संक्षेप में बताइए ।

'There were many challenges before India when it became independent.' Write any two in brief. 1 + 1 = 2

OFFICE COPY

12. काँग्रेस की सामाजिक एवं विचारधारात्मक गठबन्धन के रूप में संक्षिप्त विवेचना कीजिए ।

Discuss in brief the Congress as a Social and Ideological Alliance. 2

13. 'ऑपरेशन फ्लड' को संक्षेप में समझाइए ।

Explain 'Operation Flood' in brief. 2

14. 'प्रिवि पर्स' से क्या अभिप्राय है ? संक्षेप में बताइए ।

What is meant by 'Privy Purse' ? Write in brief. 2

[Turn over

15. 'चिपको आन्दोलन' का कारण व परिणाम बताइए ।

Write the cause and consequence of 'Chipko Movement'. 2

16. 'लोक सभा चुनाव 2004 के पश्चात् अनेक महत्त्वपूर्ण मसलों पर अधिकतर दलों के बीच व्यापक सहमति बनी ।'

इनमें से कोई दो की संक्षिप्त विवेचना कीजिए ।

'After Lok Sabha Election 2004, on many important issues a broad concensus has emerged among most of the parties.' Explain briefly any two of them. 1 + 1 = 2

OFFICE COPY

खण्ड – स

SECTION – C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द)

Long Answer Type Questions – (Answer limit about **100** words)

17. आपके मतानुसार सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ ? कोई तीन कारण बताइए ।

According to your views why did Soviet Union disintegrate ? Write any three reasons. 3

अथवा/OR

'भारत का रूस के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है ।' आपके अनुसार भारत को इससे क्या लाभ हुए ?

'India has a close relationship with Russia.' According to your opinion what benefits did India get from this ?

18. वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता के कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए ।

Explain any three reasons for environmental concern in global politics. 3

अथवा/OR

"पृथ्वी सम्मेलन में पर्यावरण को लेकर 'साझी परन्तु अलग-अलग जिम्मेदारियाँ' को स्वीकारा गया है ।" इस कथन की विवेचना कीजिए ।

"In the Earth Summit 'Common but different responsibilities' regarding the environment was accepted." Explain the statement.

19. 'प्रथम पंचवर्षीय योजना' पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । 3

Express your views on the 'First Five Year Plan'.

OFFICE COPY

अथवा/OR

'भारत में निजी क्षेत्र बनाम सार्वजनिक क्षेत्र में मध्यम मार्ग अपनाया गया ।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

'The Middle path was adopted in India in the Private Sector versus the Public Sector.' Express your views on this statement.

20. काँग्रेस ने 1967 का आम चुनाव किन परिस्थितियों में लड़ा व इसका क्या जनादेश मिला ? विवेचना कीजिए ।

Under what circumstances did the Congress contest the 1967 General Election and what mandate did it get ? Explain. 3

अथवा/OR

'आम चुनाव 1971, काँग्रेस की पुनर्स्थापना का चुनाव साबित हुआ ।' इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

'The General Election of 1971 proved to be an election for restoration of Congress.' Explain the statement.

खण्ड – द

SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 250 शब्द)

Essay Type Questions – (Answer limit about 250 words)

OFFICE COPY

21. विश्व को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की क्यों आवश्यकता है ? विस्तार से विवेचना कीजिए ।

Why does the world need an International Organisation ? Explain in detail. 4

अथवा/OR

भारत को सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनाने के पक्ष में विस्तार से तर्क दीजिए ।

Give arguments in detail in favour of making India a permanent member of the Security Council.

22. भारत विभाजन के परिणामों पर लेख लिखिए ।

Write an article on consequences of partition of India. 4

अथवा/OR

रजवाड़ों के विलय पर सरकार के नजरिये पर लेख लिखिए ।

Write an article on the attitude of the government on the merger of princely states.

23. 'ताड़ी विरोधी आंदोलन' के उदय व सफलता की विवेचना कीजिए ।

Discuss the rise and success of 'Anti-Arrack Movement'. 4

अथवा/OR

'नर्मदा बचाओ आंदोलन' की विवेचना कीजिए ।

Discuss the 'Narmada Bachao Andolan'.

OFFICE COPY